23.06.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान किए 65 पद्म पुरस्कार, प्रदेश के भगवान दास रैकवार को मरणोपरांत और मोहन नागर को समाजसेवा के क्षेत्र में मिला ‘पद्मश्री’ सम्मान ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को दिया "नागरिक देवो भव" का मंत्र।
- प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 5 हजार 960 करोड़ रुपये की योजनाओं को मिली मंजूरी।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, बोले- धारा 370 हटाकर साकार हुआ 'एक विधान' का सपना।

राष्ट्रपति- पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी में 2026 के लिए 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री पुरस्कार शामिल रहे। पुरस्कार पाने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, टेनिस स्टार विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और गायिका अलका याग्निक का नाम शामिल रहा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश समाज सेवी मोहन नागर को समाजसेवा के क्षेत्र में ‘पद्मश्री’ सम्मान प्रदान किया गया वही बुंदेली मार्शल आर्ट के जनक भगवान दास रैकवार को मरणोपरांत ‘पद्मश्री’ सम्मान दिया गया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बधाई देते हुए कहा समाज सेवा एवं खेल जगत में आपके उल्लेखनीय योगदान ने न केवल मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है, बल्कि समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

## पीएम मोदी- अधिकारियों से बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा यानी आईएएस 2024 बैच के 183 अधिकारी प्रशिक्षुओं से संवाद किया। उन्होंने युवा अधिकारियों से विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने युवा अधिकारियों को "नागरिक देवो भव" का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हर फाइल के पीछे लाखों लोगों की आकांक्षाएं और समस्याएं जुड़ी होती हैं, इसलिए शासन को संवेदनशील, जवाबदेह और समावेशी बनाया जाना चाहिए।

## कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में 5 हजार 960 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना को 1 अप्रैल 2026 से अगले 5 वर्षों तक जारी रखने के लिए करीब 1,740 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में 225 शासकीय माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल और 300 हाई स्कूलों को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की योजना को सैद्धांतिक स्वीकृति मिली, जिस पर 635 करोड़ 24 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण देने की नई शर्तों को मंजूरी दी गई है।

## सीएम- श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज प्रदेश सहित पूरे देश में भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का सपना "एक देश, एक प्रधान और एक विधान" था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा-370 हटाकर साकार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार आगामी मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसके लिए प्रदेश भर से 10 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

## शिवराज सिंह- अल नीओ

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार अल नीनो के कारण मानसून के संभावित दुष्प्रभाव से निपटने में किसानों की मदद के लिए अग्रिम तैयारियां कर रही है। उन्होंने बताया कि देश में अब तक लगभग 43 प्रतिशत कम वर्षा हुई है और लगभग 315 जिले सामान्य से कम वर्षा से प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें 111 जिले उच्च प्राथमिकता वाले हैं।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी है, जिसमें 106 सदस्यों को शामिल किया गया है और 41 नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। कार्यसमिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और डॉ. वीरेंद्र कुमार के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा को जगह मिली है।

## सीयूईटी नतीजे

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा सीयूईटी 2026 के स्नातक दाखिलों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। उम्मीदवार सीयूईटी के अधिकारिक पोर्टल पर अपना स्कोर कार्ड देख सकते हैं। एजेंसी के मुताबिक इस वर्ष परीक्षा में 15 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 11 लाख से ज्यादा उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए।

आदिरंग शिल्पकार महोत्सव

भोपाल के अचारपुरा स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में आज पांच दिवसीय आदिरंग शिल्पकार महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए और उन्होंने जनजातीय शिल्पकारों द्वारा विकसित नवाचारपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिल्पकारों से संवाद किया। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए 140 से अधिक जनजातीय शिल्पकारों ने अपनी पारंपरिक कला और हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया।

कृष्णा गौर- लापरवाह ठेकेदार

प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने आज मंत्रालय में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। मंत्री ने निर्माण कार्यों में देरी और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुविधा से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उच्च शिक्षा- काउंसलिंग

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत कॉलेज लेवल काउंसलिंग राउंड के महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिए हैं। इस राउंड में प्रदेश के एक लाख 29 हजार 265 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में सीट आवंटित की गई है। इनमें 94 हजार 703 स्नातक और 34 हजार 562 स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हैं। विभाग ने विद्यार्थियों से 30 जून तक प्रवेश शुल्क जमा करने का आग्रह किया है।

कफ सिरफ गिरफ्तारी

भोपाल में अवैध कफ सिरप निर्माण और सप्लाई नेटवर्क के मुख्य मास्टरमाइंड राहुल कुशवाहा उर्फ सलमान को स्पेशल टास्क फोर्स ने तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया है। लंबे समय से फरार आरोपी वहां पहचान छिपाकर रह रहा था, जिसे तकनीकी निगरानी और खुफिया इनपुट के आधार पर पकड़ा गया। भोपाल लाकर विशेष न्यायाधीश डॉ. मुकेश मालिक की अदालत में पेश किए जाने पर उसे 27 जून तक रिमांड पर भेजा गया है।

मौसम का हाल

मानसून की रफ्तार धीमी होने से प्रदेश में सामान्य से 52 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि आज बड़वानी, खरगोन, नर्मदापुरम और धार जिले में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने जबलपुर, मंडला, दमोह और उमरिया में हीटवेव का अलर्ट जारी किया, वहीं प्रदेश के अनेक जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। फिलहाल अगले दो से तीन दिन में मानसून के प्रदेश में प्रवेश करने का अनुमान है।

सोना- चांदी

देश में सोने-चांदी की कीमतों में आज गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक एक किलो चांदी करीब 10 हजार रुपये घटकर करीब 2 लाख 27 हजार रुपये पर आ गई। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना करीब ढाई हजार रुपए गिरकर करीब 1 लाख 45 हजार रुपये पर पहुंच गया है।

संक्षिप्त समाचार

- शिवपुरी के कृषि विज्ञान केंद्र में खरीफ 2026 के तहत सोयाबीन की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- सागर पुलिस प्रशिक्षण शाला (PTS) में नवआरक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2026-27 का शुभारंभ हुआ।
- राजगढ़ शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आईटीआई और 12वीं (PCM) उत्तीर्ण छात्रों के लिए द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं।
- कटनी  कलेक्टर ने अस्पतालों में पर्याप्त एंटी वेनम इंजेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपील की है कि सांप काटने पर झाड़-फूंक के बजाय अस्पताल में इलाज कराएं।
- अशोकनगर  में जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आम जनता की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए

- नर्मदापुरम ग्राम पंचायत उमरिया में आयोजित जनकल्याण शिविर में विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं का मौके पर ही निराकरण कराया।
- किसान कल्याण वर्ष 2026" के अंतर्गत मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड की मई 2026 की रैंकिंग में झाबुआ जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है।

———————————